# समाचार
## स्वास्थ्य जागरूकता रैली को झंडी दिखाकर महापौर ने किया रवाना
### (जे.सी.आई. कोरबा सेन्ट्रल द्वारा किया गया महिला स्वास्थ्य जागरूकता रैली का आयोजन)




कोरबा 28 फरवरी 2019 —महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने आज शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टी.पी.नगर में जे.सी.आई. कोरबा सेन्ट्रल द्वारा आयोजित महिला स्वास्थ्य जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होने जे.सी.आई. द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम की सराहना की तथा बधाई देते हुए कहा कि जे.सी.आई. ने सदैव ऐसे समाजहितैषी कार्यो में अपनी महती भूमिका निभाई है, मुझे विश्वास है कि संस्था भविष्य में भी अपनी भूमिका बनाए रखेगी।

शासकीय उच्च.मा.विद्यालय टी.पी.नगर कोरबा में जे.सी.आई.द्वारा महिला स्वास्थ्य जागरूकता रैली का आयोजन किया गया, आयोजन की मुख्य अतिथि के रूप में महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति प्रदान की। उन्होने मां सरस्वती के तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ कराया। इस अवसर पर उन्होने कहा कि निश्चित रूप से जे.सी. आई. कोरबा सेन्ट्रल द्वारा महिला स्वास्थ्य जागरूकता रैली का यह आयोजन एक सराहनीय कदम है, ऐसे कार्यक्रमों से बालिकाओं में स्वास्थ्य की प्रति जागरूकता आएगी तथा बालिकाएं अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहेंगी। इस मौके पर सृष्टि मेडिकल कालेज की छात्राओं द्वारा स्वास्थ्य जागरूकता के संबंध में आवश्यक टिप्स दिए गए। महापौर श्रीमती अग्रवाल द्वारा स्वास्थ्य जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

**छात्राओं को किया सायकलों का वितरण**— इस अवसर पर महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने विद्यालय की छात्राओं को सायकलों का वितरण किया तथा कहा कि सायकल प्राप्त हो जाने के पश्चात

बालिकाओं को घर से विद्यालय तक आने जाने में सुविधा होगी, समय की बचत होगी, जिससे वे अपनी पढ़ाई–लिखाई में ज्यादा समय दे पाएंगी।

**किया फूलदार पौधों का रोपण–** कार्यक्रम के दौरान महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल एवं उपस्थित अन्य अतिथियों ने विद्यालय परिसर में गमले में फूलों के पौधे लगाकर उनका रोपण किया, इस मौके पर महापौर श्रीमती अग्रवाल ने कहा कि फूलों के पौधे विद्यालय परिसर में स्थापित किए जाने से शाला के परिसर का सौंदर्यी बढ़ेगा तथा विद्यालय की छात्राओं को एक खुशनुमा माहौल मिलेगा।

इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के शहर अध्यक्ष राजकिशोर प्रसाद, नेता प्रतिपक्ष योगेश जैन, जिला शिक्षा अधिकारी सतीश पाण्डेय, प्राचार्य रणबीर सिंह, जे.सी.आई. कोरबा सेन्ट्रल के अध्यक्ष आशीष टमकोरिया, जे.सी.रेट अध्यक्षा कविता सोनी, जूनियर जे.सी. अध्यक्ष रौनक अग्रवाल, उपाध्यक्ष अंकित केडिया, अमन केडिया, आशीष अग्रवाल, प्रतीक अग्रवाल, पूर्णिमा सोनी, संदीप शर्मा, सुरेश चावलानी, उमा बंसल, टी.पी.सिंह आदि के साथ विद्यालय के अध्यापक–अध्यापिकागण एवं छात्राएं उपस्थित थी।